This question paper contains 3 printed pages]

CO—100—2022

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Third Semester) EXAMINATION

NOVEMBER/DECEMBER, 2022

(New/CBCS Pattern)

HINDI

Paper XI

(हिंदी गद्य साहित्य : भाग-1)

(Wednesday, 28-12-2022) **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

Time—Three Hours *Maximum Marks—75*

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. (अ) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10

"मुझे जीवन में चुनौती से ही बल मिलता है। यदि वे मुझे सौ बरस जीने का आशीर्वाद भी देते तो शायद जीने के लिए संघर्ष करने का मुझमें इतना बल न आता जितना मैंने उनके 'जाओ मरो' शब्दों से संचय किया।"

अथवा

"मोटे वह होते हैं, जिन्हें न रिन का सोच होता है, न इज्जत का। इस जमाने में मोटा होना बेहयाई है। सौ को दुबला करके तब एक मोटा होता है। ऐसे मोटेपन में क्या सुख ? सुख तो जब है कि सभी मोटे हों।"

(आ) "बुढ़िया भागी जा रही है, स्त्रियाँ बच्चे, मर्द उसके पीछे लगे हैं। थोड़ी-थोड़ी देर पर वह रुकती है, दाँत दिखाती है, हाथ जोड़ती है, कभी-कभी गुस्सा होकर ढेले उठाती है। वह सिर्फ ढेले उठाती है, लोग उस पर ढेले फेंकते हैं।" 10

P.T.O.

A60E0BAA84C2E848208B3D45703C020A

Scanned by TapScanner

अथवा

''लगभग चार वर्ष अपने विविधतापूर्ण स्वाध्याय के अतिरिक्त मैं कहानियाँ भी लिखता रहा, कविताएँ भी लिखता रहा—जैसे कवि और कहानीकार दोनों मेरे अन्दर परस्पर संघर्ष कर रहे हों और अभी तक मैं निश्चय न कर सका हूँ कि विजय का सेहरा किसके माथे बांधू।

2. ''किसान की दारुण दशा के वर्णन के साथ सामाजिक-आर्थिक शोषण की कई परतें 'गोदान' के माध्यम चित्रित की गई हैं।'' इस कथन के परिप्रेक्ष्य में विवेचन कीजिए। 20

अथवा

सांप्रदायिक सोहार्द के लिए अपनी कुर्बानी देने वाला 'सुभान खाँ' के चरित्र की विशेषताएँ रेखांकित कीजिए।

3. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) 'बुधिया' का चरित्र-चित्रण कीजिए। 10

अथवा

हरिवंश राय बच्चन का जीवन संघर्ष।

(आ) 'सरजू भैया' का व्यक्तित्व। 10

अथवा

'बैजू मामा' का जेल में बीता जीवन।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **पंद्रह-बीस** पंक्तियों में दीजिए : 5

(*i*) जयशंकर प्रसाद का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(*ii*) उषा प्रियंवदा के कथा-साहित्य की विशेषताएँ रेखांकित कीजिए।

(*iii*) रेखाचित्रकार के रूप में बनारसीदास चतुर्वेदी का महत्व प्रतिपादित कीजिए।

(*iv*) शिकार साहित्य के प्रणेता के रूप में श्रीराम शर्मा के योगदान को स्पष्ट कीजिए।

A60E0BAA84C2E848208B3D45703C020A

Scanned by TapScanner

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(i) जयशंकर प्रसाद का जन्म कहाँ हुआ ?

(ii) 'वापसी' कहानी के रचनाकार कौन हैं ?

(iii) 'वे कैसे जीते हैं' यह किस विधा की रचना है ?

(iv) 'तमस' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

(v) बनारसीदास चतुर्वेदी का जन्म कहाँ हुआ ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(i) 'कामायनी' .... की रचना है।

(ii) 'जंगल के जीव' के लेखक .... हैं।

(iii) 'पचपन खम्भे लाल दीवारें' .... की रचना है।

(iv) 'कबीरा खड़ा बाजार में' .... की नाट्य कृति है।

(v) .... के संपादकत्व में हिंदी में कोलकता से विशाल भारत नामक मासिक निकला।

A60E0BAA84C2E848208B3D45703C020A

Scanned by TapScanner